GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
LABOUR BUREAU

**'Shram Bureau Bhawan',**
**Dated 22nd October, 2020**

**F.No. 23/15/2020-FLS**

# PRESS RELEASE

**Shri Gangwar unveils report on base revision of Consumer Price for Industrial Workers (CPI-IW) to 2016=100 from existing 2001=100**

**Labour Minister Santosh Gangwar says in future, base revision will be done every 5 years**

**Minister also releases Consumer Price Index for Industrial Workers (CPI-IW) - September, 2020 based on new series 2016=100**

Shri Santosh Kumar Gangwar, Hon'ble Minister of State (Independent Charge) for Labour & Employment in the presence of Sh. Apurva Chandra, Secretary L&E and Shri DPS Negi, Senior Labour & Employment Advisor and Director General, Labour Bureau released the new series of Consumer Price Index for Industrial Worker (CPI-IW) with base year 2016, being compiled and maintained by Labour Bureau, an attached office of Ministry of Labour & Employment. The new series of CPI(IW) with base 2016=100 will replace the existing series with base 2001=100.

Earlier to this revision, the series were also revised from the year 1944 to 1949; 1949 to 1960; 1960 to 1982 and 1982 to 2001 since inception of Labour Bureau.

In this regard, Union Labour Minister lauded the efforts of Labour Bureau for their steadfastness and exemplary role which have finally culminated in the release of updated series of CPI(IW). While lauding the efforts, Hon'ble Minister mentioned that data on all aspects of labour is crucial to serve as inputs in policy making and this justifies the existence of an organization like Labour Bureau, dedicated to labour and price statistics. With the ever increasing importance of data in the times to come coupled with the fact that India is a labour abundant nation, a dedicated organization for labour and price statistics like the Labour Bureau merits strengthening.

On this occasion both Minister & Secretary (L&E) told to media persons that the Labour Bureau is making impressive strides on all the fronts. It has a rich legacy of producing quality labour statistics, the roots of which can be traced to its establishment in 1920. From the launch of a much needed logo after 100 years of its existence to moving to a new building and now Labour Bureau has released new series of CPI(IW). Most importantly, Labour Bureau has initiated three big surveys on **Employment generated by Professionals and non-formal transport sector, Migrant workers and Domestic workers**". Labour Bureau has also been mandated with the task of collection of data on recently proposed four labour codes. Both Minister & Secretary (L&E) assured to give all possible support to

Labour Bureau in its future endeavours.

The Report on “New Series of Consumer Price Index for Industrial Workers (Base 2016=100)” is an important publication meant to give insights into the concepts, definitions and methodology related to the new series of CPI-IW with 2016 as base year. This will serve as a useful reference book for researchers, academicians, scholars and all other stakeholders of CPI-IW. As per the recommendations of International Labour Organisation (ILO), Index Review Committee (IRC) and National Statistical Commission (NSC), the base year of price index numbers should be revised at frequent intervals generally not **exceeding 10 years** to reflect the **changes that take place** in the **consumption pattern of consumers**. The CPI-IW is compiled as per international best practices & guidelines of ILO.


Shri Gangwar also released the maiden index with base year 2016 for the month of September, 2020. The Index is compiled for 88 centres and All India. The All India index for the month of September, 2020 stands at the level of 118 and linking factor for the conversion of new series index to previous series on base 2001=100 is 2.88.


The CPI-IW (2016=100) series replaces the CPI-IW (2001=100) series. The new series is more representative in character and reflects the latest consumption pattern of the industrial workers.


Shri Gangwar elaborated some of the important improvements made under the new series of CPI-IW (2016=100) vis-à-vis old series (2001=100) which are as under:

- A total of 88 centers have been covered in the 2016 series as against 78 centers in the 2001 series.
- The sample size for the conduct of Working Class Family Income and Expenditure Survey, on the basis of which weighting diagrams have been derived, was increased to 48384 families from 41040 in the 2001 series.
- The number of selected markets for collection of retail price data has also been increased to 317 markets under the 2016 series as against 289 markets covered in the 2001 series.
- The number of items directly retained in the index basket has increased to 463 items as against 392 items in the 2001 series.
- The number of States/UTs has increased to 28 under 2016 series as against 25 in the 2001 series.
- In the new series, as per the direction of Technical Advisory Committee (TAC) on Statistics of Prices and Cost of Living (SPCL), the Geometric mean based methodology (GM of Price Relatives) is used for compilation of indices as against Arithmetic mean used in 2001 series.


The group level weights under new series has changed in comparison to earlier series (1982 and 2001). The weight of Food & Beverages has declined over time whereas the weight of Miscellaneous group (Health; Education & Recreation; Transport & Communication; Personal Care & Effects; Household Goods & Services etc.) has increased substantially under 2016 series vis-à-vis earlier series. The weight of Housing Group has reported an increasing share over period of time.



The Group-wise Index for the month of September, 2020 varies from 113 points of Housing group to 132 points of Pan, Supari, Tobacco & Intoxicants group under new series.




Shri D.P.S.Negi, Director General, Labour Bureau said that the linking factor of new series 2016=100 to old series of CPI-IW (2001=100) is 2.88. There are 65 common centres between both the series and the linking factor of common centers ranges from 2.38 of Doom-Dooma Tinsukia to 3.60 of Nagpur.

The Technical Advisory Committee on Statistics of Prices and Cost of Living (TAC and SPCL) has approved the new series.

The CPI-IW is the single most important price statistics, which has financial implications. It is primarily used to regulate the dearness allowance of government employees and the workers in the industrial sectors. It is also used in fixation and revision of minimum wages in scheduled employments besides measuring the inflation in retail prices.

The next issue of CPI-IW for the month of October, 2020 will be released on Friday 27th November, 2020. The same will also be available on the office website *www.labourbureaunew.gov.in*.

**(Please follow #CPI-IW New Series)**

22/X/2020

**22nd October,2020**
**New Delhi**

**(D.P.S. NEGI)**
**Director General**

भारत सरकार

श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय

श्रम ब्यूरो

'श्रम ब्यूरो भवन',

दिनांक: 22 अक्तूबर, 2020

फा.सं. 23/15/2020-एफ.एल.एस.

## प्रैस विज्ञप्ति

श्री गंगवार ने औद्योगिक श्रमिकों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की नई शृंखला आधार 2016=100 से संबंधित रिपोर्ट का अनावरण किया।

माननीय श्रम मंत्री श्री संतोष गंगवार ने कहा कि भविष्य में आधार संशोधन प्रत्येक 5 वर्ष पश्चात किया जाएगा।

माननीय मंत्री ने सितम्बर, 2020 के लिए नई शृंखला पर आधारित औद्योगिक श्रमिकों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को भी जारी किया।

श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय श्रम एवं रोज़गार राज्य मन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार) ने श्री अपूर्व चन्द्रा, सचिव, श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय तथा श्री डी०पी०एस० नेगी, वरिष्ठ श्रम एवं रोजगार सलाहकार तथा महानिदेशक, श्रम ब्यूरो की उपस्थिति में आधार वर्ष 2016 के साथ CPI-IW की नई शृंखला को जारी किया। CPI-IW का संकलन एवं रख-रखाव श्रम ब्यूरो द्वारा किया जा रहा है। श्रम ब्यूरो, श्रम एवं रोज़गार मन्त्रालय का एक सम्बद्ध कार्यालय है। आधार वर्ष 2016 के साथ CPI-IW की नई शृंखला वर्ष 2001 पर आधारित मौजूदा शृंखला का स्थान लेगी। इस संशोधन से पूर्व भी इस शृंखला में श्रम ब्यूरो की स्थापना के बाद वर्ष 1944 से 1949; 1949 से 1960; 1960 से 1982; 1982 से 2001 में संशोधन किए गए थे।

इस संबंध में केन्द्रीय श्रम मन्त्री ने श्रम ब्यूरो की निरंतर एवं अनुकरणीय भूमिका की सराहना की। उन्होने कहा कि श्रम ब्यूरो के अधिकारियों द्वारा किए गये अथक प्रयासों के

परिणास्वरूप ही CPI-IW के आधार में संशोधन संभव हो सका है। इनके प्रयासों की सराहना करते हुए श्रम मन्त्री ने बताया कि श्रम के सभी पहलुओं से संबंधित आँकड़ें, नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा यह महत्वपूर्ण कार्य श्रम एवं मूल्य सांख्यिकी के प्रति समर्पित श्रम ब्यूरो जैसे संगठन के औचित्य को सिद्ध करता है। आने वाले समय में आँकड़ों के बढ़ते महत्व के साथ-साथ यह तथ्य कि भारत एक श्रमिक प्रधान देश है, श्रम और मूल्य आँकड़ों के लिए ब्यूरो जैसे समर्पित संगठन की महत्ता और भी बढ़ जाती है।

इस अवसर पर माननीय मंत्री और सचिव (श्रम एवं रोज़गार) दोनों ने मीडिया को बताया कि श्रम ब्यूरो सभी मोर्चों पर उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। इसकी गुणवत्तापरक श्रम आंकड़ों के निर्माण की एक समृद्ध विरासत है, जिसका आधार 1920 में हुई इसकी स्थापना में ही निहित है। अपनी स्थापना के 100 वर्षों के बाद ब्यूरो ने अत्यंत आवश्यक लॉगो को लाँच किया है तथा अपने नए भवन में शिफ्ट हुआ है। अब ब्यूरो द्वारा CPI-IW की नई शृंखला जारी की गई है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि "पेशेवर तथा अनौपचारिक परिवहन क्षेत्र द्वारा सृजित रोज़गार, प्रवासी श्रमिकों और घरेलू श्रमिकों" पर तीन बड़े सर्वेक्षणों का कार्य भी ब्यूरो द्वारा आरंभ किया. गया है। इसके अलावा हाल ही में प्रस्तावित चार श्रम कोडों के संबंध में आंकड़ा संग्रहण कार्य की जिम्मेदारी भी इसे सौंपी गई है। माननीय मंत्री और सचिव (श्रम एवं रोजगार) दोनों ने भविष्य की परियोजनाओं के लिए श्रम ब्यूरो को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

'आधार 2016=100 पर **CPI-IW** की नई शृंखला' के संबंध में यह नवीनतम रिपोर्ट एक महत्वपूर्ण प्रकाशन है जो वर्ष 2016 पर आधारित **CPI-IW** की नई शृंखला से संबंधित संकल्पनाओं, परिभाषाओं एवं कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाएगी। यह प्रकाशन अनुसंधानकर्ताओं, शिक्षाविदों, विद्वानों के साथ-साथ **CPI-IW** के अन्य हितधारकों के लिए उपयोगी संदर्भ नियमावली के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन **(ILO)**, सूचकांक समीक्षा समिति **(IRC)** तथा राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग **(NSC)** की सिफारिशों के अनुरूप मूल्य सूचकांक के आधार वर्ष को नियमित अंतराल पर संशोधित किया जाना अनिवार्य है। यह अन्तराल सामान्यतः दस वर्षों से अधिक का नही होना चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं के उपभोग पैटर्न में होने वाले बदलावों को दर्शाया जा सके। **CPI-IW** का संकलन अन्तरराष्ट्रीय स्तर की बेहतरीन कार्यप्रणालियों और **(ILO)** के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाता है।

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से श्रम ब्यूरो द्वारा सितम्बर, 2020 के लिए आधार वर्ष 2016 के साथ प्रथम सूचकांक को जारी किया जा रहा है। इस सूचकांक को 88 केन्द्रों के लिए

संकलित किया गया है। सितम्बर 2020 का अखिल भारतीय सूचकांक 118 पर स्थिर है तथा आधार 2001=100 पर पुरानी तथा नई शृंखला में सम्पर्क कारक 2.88 है।


CPI-IW (2001) शृंखला के स्थान पर अब CPI-IW (2016=100) का प्रयोग किया जाएगा। पुरानी शृंखला की तुलना में नई शृंखला में प्रतिनिधित्व क्षमता अधिक है तथा यह औद्योगिक श्रमिकों की नवीनतम उपभोग प्रवृत्तियों को बेहतर रूप से दर्शाती है।


श्री गंगवार ने कहा कि CPI-IW(2001=100) की तुलना में CPI-IW(2016=100) के तहत किए गए कुछ महत्वपूर्ण सुधार निम्नानुसार दर्शाए गए हैं:-


- 2016 शृंखला में कुल 88 केन्द्रों को शामिल किया गया है जबकि 2001 शृंखला में 78 केन्द्र शामिल थे।
- श्रमिक वर्ग पारिवारिक आय एवं व्यय सर्वेक्षण, जिसके आधार पर वेटिंग डायाग्राम तैयार किया गया है, को आयोजित करने हेतु 2001 शृंखला के 41040 परिवारों की संख्या के सैम्पल साइज़ को नई शृंखला में बढ़ाकर 48,384 कर दिया गया है।
- खुदरा मूल्य आँकड़ा संग्रहण हेतु चयनित बाजारों की संख्या को भी 2001 शृंखला में शामिल 289 बाजारों के स्थान पर 2016 शृंखला के तहत 317 कर दिया गया है।
- सूचकांक बास्केट में प्रत्यक्ष रूप से शामिल मदों की संख्या को 2001 शृंखला की 392 मदों के स्थान पर 463 मदें कर दिया गया है।
- 2001 शृंखला में शामिल 25 राज्यों/संघशासित प्रदेशों की संख्या को भी 2016 शृंखला के तहत बढ़ाकर 28 कर दिया गया है।
- मूल्य एवं निर्वाह लागत सांख्यिकी पर तकनीकी सलाहकार समिति के निर्देशों के अनुसार नई शृंखला में सूचकांक संकलन हेतु ज्यामितीय मध्यमान प्रणाली(मूल्य सापेक्ष का ज्यामितीय मध्यमान प्रयोग करते हुए) का प्रयोग किया गया है, जबकि 2001 शृंखला में अंकगणित मध्यमान का प्रयोग किया गया था।

पूर्व शृंखला(1982 तथा 2001) की तुलना में नई शृंखला के तहत समूह स्तर भारों में बदलाव देखे गए हैं। खाद्य एवं पेय के भार में गिरावट आई है जबकि पूर्व शृंखला की तुलना में विविध समूह(स्वास्थ्य; शिक्षा; मनोरंजन; परिवहन एवं संचार; व्यक्तिगत देखभाल एवं सामान;


पारिवारिक वस्तुएं एवं सेवाएं इत्यादि) के भार में 2016 शृंखला के तहत मूलतः बढ़ोतरी हुई है। आवासीय समूह भारों में भी समयावधि के पश्चात बढ़ोतरी रिपोर्ट की गई है।



नई शृंखला के तहत सितम्बर, 2020 के समूह-वार सूचकांक में 'आवासीय समूह' के 113 अंकों से लेकर 'पान, सुपारी, तम्बाकू एवं मादक वस्तुएं' समूह के 132 अंको तक विभिन्नता देखी गई है।




श्री डी.पी.एस. नेगी, महानिदेशक, श्रम ब्यूरो ने कहा कि **CPI-IW** की नई शृंखला 2016=100 तथा पुरानी शृंखला(2001 =100) के बीच सम्पर्क कारक 2.88 है। दोनों शृंखलाओं के बीच 65 केन्द्र समान हैं तथा समान केन्द्रों का सम्पर्क कारक डूम-डूमा तिनसुकिया के 2.38 से लेकर नागपुर के 3.60 के बीच है।

मूल्य एवं निर्वाह लागत सांख्यिकी पर तकनीकी सलाहकार समिति द्वारा नई शृंखला को अनुमोदित कर दिया गया है।

**CPI-IW** ही केवल एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण मूल्य सांख्यिकी है, जिसका वित्तीय निहितार्थ है। प्राथमिक रूप से इसका प्रयोग सरकारी कर्मचारियों तथा औद्योगिक क्षेत्रों के कामगारों के

महंगाई भत्ते के विनियमन हेतु किया जाता है। खुदरा मूल्यों में मुद्रास्फीति के निर्धारण के अतिरिक्त अनुसूचित नियोजनों में न्यूनतम मज़दूरी के नियतन तथा संशोधन हेतु भी इसका प्रयोग किया जाता है।

अक्तूबर, 2020 के **CPI-IW** के अगले प्रकाशन को शुक्रवार-27 नवम्बर, 2020 को जारी किया जाएगा। यह कार्यालय की वेबसाइट **www.labourbureaunew.gov.in** पर भी उपलब्ध होगा।

**(कृपया ध्यान दें #CPI-IW नई श्रंखला)**

डी.पी.एस. नेगी
22/X/2020

(डी.पी.एस. नेगी)

महानिदेशक

दिनाँक:- 22 अक्तूबर, 2020

स्थान:- नई दिल्ली